सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-627
22/12/2017

मुख्यमंत्री ने शुकराना समारोह के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

पटना, 22 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सर्वंशदानी दशमेश गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने सितारवादक पद्मश्री उस्ताद शाहिद परवेज, ध्रुपद गायक पंडित इन्द्रकिशोर मिश्र, मणिपुरी नृत्यांगना श्रीमती प्रीति पटेल, मुम्बई से आई कलाकार संजना राज को शॉल, पुष्प–गुच्छ और प्रतीक चिन्ह के रूप में यक्षिणी की मूर्ति भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि ने मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों को शॉल और पुष्प–गुच्छ भेंट कर उनका अभिनन्दन किया।

उद्घाटन समारोह के बाद मुख्यमंत्री सहित सभागार में बैठे आगत अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया। मणिपुरी नृत्यांगना श्रीमती प्रीति पटेल ने अपने सहयोगी कलाकारों के साथ अनंत शक्ति पर प्रस्तुति पेश की।

श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम 22 से 25 दिसम्बर तक चलेगा। शुकराना समारोह में देश–विदेश से सिख श्रद्धालुओं का जत्था बड़ी संख्या में पिछले कई दिनों से निरंतर राजधानी पटना पहुँच रहा है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, कला–संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, परिवहन मंत्री श्री संतोष निराला, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्रीमती बीमा भारती, प्रधान सचिव कला, संस्कृति श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पटना प्रमंडल आयुक्त श्री आनंद किशोर, डी0जी0 होमगार्ड श्री पी0एन0 राय, जिलाधिकारी श्री संजय कुमार अग्रवाल सहित कई अन्य वरीय अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आये सिख श्रद्धालू उपस्थित थे।

******